an>

title: Regarding laying of a new railway line between Delhi to Bulandshahr.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को अवगत कराना चाहता हूं कि मेरा लोक सभा संसदीय क्षेत्र बुलंदशहर दिल्ली से मात्र 75 किलोमीटर की दूरी पर है, जो दिल्ली एनसीआर का हिस्सा है। लेकिन वहां पर आने-जाने के लिए रेल की सुविधा नहीं है। अभी पिछले साल एक सर्वे पूरा हुआ है - जो दादरी, बुलंदशहर होते हुए नरोला तक जाता है। मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगा कि आने वाले बजट सत्र में माननीय रेलमंत्री जी उसको पूरा कराने के लिए आदेश करें एवं उसे पूरा करायें।